

LABOUR HIRE AUTHORITY

# अपने व्यवसाय और अपने श्रमिकों को सुरक्षित रखें।

सुनिश्चित करें कि आपके लेबर हायर प्रदाताओं के पास लाइसेंस है।




# हमेशा लेबर हायर लाइसेंस की जाँच करें।

**यदि आप अपने बाग़बानी के व्यवसाय में फल और सब्जियाँ तोड़ने, पैक करने या उन्हें लगाने (to plant) के लिए श्रमिकों की आपूर्ति करने के लिए किसी कंपनी को भुगतान करते हैं, तो आप शायद एक लेबर हायर होस्ट (Labour Hire Host) हैं।**

जो व्यवसाय इन श्रमिकों की आपूर्ति करते हैं, विक्टोरियाई क़ानून के अंतर्गत उनके पास एक लेबर हायर लाइसेंस होना चाहिए, वे उपयुक्त और ईमानदार लोगों द्वारा संचालित किए जाने चाहिएँ और उन्हें सभी संबंधित क़ानूनों का पालन करना चाहिए।

यदि आप किसी बिना लाइसेंस वाले लेबर हायर प्रदाता का उपयोग करते हैं, तो इससे आपको भारी नुक़सान उठाना पड़ सकता है – आप पर 6,00,000 डॉलर से अधिक का जुर्माना हो सकता है, आपके अनुबंध समाप्त हो सकते हैं, श्रमिकों की कमी हो सकती है, आपकी प्रतिष्ठा, यहाँ तक कि आपके व्यवसाय को भी नुक़सान हो सकता है।

लेबर हायर प्रदाता के साथ काम करते समय अपने व्यवसाय को सुरक्षित रखने के लिए साधनों और सुझावों के लिए, और अपने प्रदाता का लाइसेंस जाँचने के लिए **labourhireauthority.vic.gov.au/hort-host** पर जाएँ।

VICTORIA
State Government